<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–17 अक्टूबर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश सरकार ने अट्ठाइस लाख कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंगाई भत्ते और राहत का भुगतान इसी माह से नकद रूप से करने का दिया निर्देश।
- आज से तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ आ रहे हैं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। ब्रह्मोस मिसाइल फ्लैग ऑफ सेरेमनी सहित कई कार्यक्रमों में लेगें हिस्सा।
- श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए कल से बाइस अक्टूबर तक भक्तों के लिए खोला जाएगा वाराणसी का अन्नपूर्णा मंदिर। अन्नकूट पर्व तक हो सकेगा अन्नपूर्णा माता का दर्शन पूजन।
- अयोध्या में दीपोत्सव में दिखेगा आस्था, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का संगम। ड्रोन शो और लेजर शो से जीवंत होंगे रामायण के प्रसंग।

**********

प्रदेश सरकार ने अट्ठाइस लाख कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इसे एक जुलाई दो हजार पचीस से लागू किया जाएगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार प्रदेश के सोलह लाख पैंतीस हजार कर्मचारियों तथा ग्यारह लाख बावन हजार पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को अब पचपन प्रतिशत के स्थान पर अट्ठावन प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत का लाभ मिलेगा। इस बढ़ोत्तरी की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों के प्रति संवेदना तथा सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा जताया कि दीपावली का यह उपहार कर्मचारियों के जीवन में नई उर्जा, प्रसन्नता और समृद्धि लेकर आएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि बढ़े हुए महंगाई भत्ते एवं राहत का भुगतान इसी माह से नकद रूप से किया जाए। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दूसरे चरण में डीबीटी के माध्यम से युवाओं के खाते में छात्रवृत्ति ट्रांसफर करेंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित समारोह के पहले चरण में सितम्बर माह में लगभग ढाई लाख से अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को बासठ करोड़ से अधिक की धनराशि से लाभान्वित किया जा चुका है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री करीब 4 लाख 83 हजार से अधिक छात्रों को 126 करोड़ 68 लाख रुपए की छात्रवृत्ति देंगे। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के बजट में बढ़ोत्तरी की गई है। वर्ष 2016–17 में यह बजट 1092 करोड़ 36 लाख रुपए का था, जो अब बढ़कर 2825 करोड़ रुपए हो गया है। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।**

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर आज दोपहर में लखनऊ पहुंचेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि श्री सिंह आज व्यापारी मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। रक्षामंत्री कल ब्रह्मोस एयरोस्पेस में ब्रह्मोस मिसाइल फ्लैग ऑफ सेरेमनी को संबोधित करेंगे और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समागम में हिस्सा लेंगे। रविवार को वह जानकीपुरम में कम्युनिटी सेंटर और लाइब्रेरी का लोकार्पण करेंगे। वह पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का अनावरण भी करेंगे। अपने लखनऊ प्रवास के दौरान रक्षा मंत्री कई स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियाँ और पदक प्रदान किए। समारोह के दौरान कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की नौ से चौदह वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन भी लगाई गई।

**********

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कल गौतमबुद्धनगर में आयोजित स्वदेशी मेले का दौरा किया। उन्होंने मेले में लगी दुकानों का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत कर उनका फीडबैक जाना। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक जिला एक उत्पाद योजना अब प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की पहचान बन चुकी है।

**जो वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को जो प्रमोट किया गया है तमाम तरह की सुविधाएं देकर लोन देकर के उनको मार्जिन मनी से जोड़ कर के तो इसीलिए तो उत्तर प्रदेश से यह योजना निकली 'वोकल फार लोकल' की धारणा से और मोदी जी के उस विजन को आगे बढ़ाने के लिए यह स्वदेशी मेलों का आयोजन 75 जनपदों ने किया।**

**********

केन्द्र सरकार ने जल के कुशल उपयोग को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय को बढ़ाने के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के अंतर्गत नई सुविधा प्रदान की है। कृषि मंत्रालय ने बताया कि यह पहल बहुत छोटे स्तर पर जल संग्रहण और परियोजनाओं के संरक्षण के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सशक्त बनाएगी।

**********

वाराणसी में प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए कल से बाइस अक्टूबर तक खोला जाएगा। मंदिर के महंत शंकरपुरी जी महाराज ने बताया कि स्वर्णमयी मां अन्नपूर्णा के दर्शन प्रत्येक वर्ष की तरह धनतेरस से शुरू होकर अन्नकूट पर्व तक किए जा सकेंगे।

**********

अयोध्या में उन्नीस अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव में आस्था, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का संगम देखने को मिलेगा। दीपोत्सव में छब्बीस लाख दीपों की रौशनी के साथ ही म्यूजिकल ड्रोन शो और थ्री–डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो रामायण की झलकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को अनूठा अनुभव देंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 18 और 19 अक्टूबर को खास ड्रोन शो और लेजर शो की प्रस्तुति का निर्णय लिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष दीपोत्सव में 500 ड्रोन के माध्यम से भव्य शो किया गया था। पर इस बार इसे और भव्य बनाते हुए स्वदेश निर्मित 1,100 ड्रोन आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की झलकियां प्रस्तुत करेंगे। शो का समापन 'त्रेता युग से नव अयोध्या' की प्रतीकात्मक झांकी के साथ होगा। वहीं, 3–डी होलोग्राफि कम्यूजिकल लेजर शो दर्शकों के सामने वास्तविक प्रतीत होने वाली छवियों के माध्यम से अनुभव को यादगार बनाएंगी। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।**

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से कल दो दिवसीय 'दिव्य दीपावली मेला–2025' की शुरुआत हो गई। मेले में दिव्यांगजन द्वारा निर्मित कृत्रिम आभूषण, घरेलू सजावटी सामान, हथकरघा उत्पाद, आकर्षक मोमबत्तियाँ, मिट्टी के दीपक, बर्तन , पूजा सामग्री और कई अन्य घरेलू उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि यह मेला दिव्यांगजन के कौशल, आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। प्रदेश के हापुड़ जिले के अनुराग त्यागी ने जीएसटी दरों में कटौती के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाइक की खरीद पर जीएसटी घटने के कारण उन्हें भारी छूट का लाभ मिल रहा है।

**जीएसटी पहले 28 प्रतिशत लगती थी। अब जो है, यह अब 18 प्रतिशत पर आ गई है। सीधे–सीधे 10 प्रतिशत की छूट जो गवर्नमेंट की तरफ से मिली है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं, जिससे कि मेरी पहले यह बाइक थी 125000 की पड़ती थी। लेकिन अभी 115000 की पड़ रही है, जिसका मुझे 10000 का सीधा–सीधा फायदा मिल रहा है।**

**********

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने विकसित भारत युवा नेता संवाद क्विज–2026 की अंतिम तिथि इकतीस अक्तूबर तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने बताया कि माई भारत पोर्टल के माध्यम से अब तक बीस लाख से अधिक युवा प्रतिभागी इस क्विज में भाग ले चुके हैं।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में आगामी बाइस अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार आगामी चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

**********